छावनी परिषद् वाराणसी
Cantonment Board Varanasi
रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार
Ministry of Defence, Govt. of India
विजय पथ, वाराणसी कैंट
Vijay Path, Varanasi Cantt. – 221002
E-Mail: ceovara-stats@nic.in

छावनी परिषद वाराणसी कार्यालय में सम्पन्न छावनी परिषद की विशेष बैठक दिनांक 27.05.2026 समय 1230 बजे की कार्यवाही।

**उपस्थित सदस्य**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | ब्रिगे0 जयदीप चंदा, | – | अध्यक्ष |
| 2. | श्री सत्यम मोहन, मु0अ0अ0 | – | सदस्य सचिव |
| 3. | श्री राज कुमार दास | – | मनोनीत सदस्य |

**1. बाल रोग विशेषज्ञ का सेवा विस्तार**

संदर्भ – छावनी परिषद संकल्प संख्या 03 दिनांक 05.07.2025

संविदा पर रखे गए बाल रोग विशेषज्ञ डा0 राहुल कुमार सिंह की सेवा विस्तार से संबंधित कैंट जनरल अस्पताल के पत्र संख्या 04 दिनांक 09.04.2026 पर विचार एवं स्वीकृत करना। उक्त विशेषज्ञ का सेवा काल दिनांक 30.04.2026 को समाप्त हो चुका है।

सम्बन्धित प्रपत्र पटल पर रखे गए।

**संकल्प संख्या 1**

विचार किया गया एवं डा0 राहुल कुमार सिंह का सेवा विस्तार दिनांक 01.05.2026 से 11 माह हेतु स्वीकृत।

**2. पुष्टिकरण बिन्दु**

परिचालन कार्यसूची दिनांक 09.02.2026, 10.04.2026, 10.04.2026, 27.04.026 06.05.2026, 12.05.2026 एवं 14.05.2026 के संबंध में।

सम्बन्धित प्रपत्र पटल पर रखे गए।

**संकल्प संख्या 2**

परिचालन कार्यसूची दिनांक 09.02.2026, 10.04.2026, 10.04.2026, 27.04.026 06.05.2026, 12.05.2026 एवं 14.05.2026 की पुष्टि की जाती है।

**3. <u>बजट प्राक्कलन</u>**

संदर्भ– छावनी लेखा संहिता नियम, 2020 के अन्तर्गत नियम 21।

छावनी परिषद वाराणसी के भण्डार प्राक्कलन के साथ बजट प्राक्कलन वर्ष 2026–2027 (पुनरीक्षित) एवं 2027–2028 (मूल) पर विचार एवं स्वीकृत करना।

प्रस्तावित बजट प्राक्कलन के साथ सभी दस्तावेज प्रलेख पटल पर रखे गये।

**<u>संकल्प संख्या 3</u>**

विचार किया गया एवं बजट प्राक्कलन वर्ष 2026–2027 (पुनरीक्षित) एवं 2027–2028 (मूल) स्वीकृत।

**4. <u>स्कूल प्रबन्धन समिति</u>**

**(अ)** दिनांक 25.04.2026 को सम्पन्न कैन्टोनमेन्ट बोर्ड इण्टर कालेज प्रबन्धन समिति की बैठक की कार्यवाही पटल पर रखी गयी। समिति ने निम्नलिखित बिन्दुओं पर विचार तथा संस्तुति किया है –

एजेंडा (1) विद्यालय के बाहर इण्टरलॉक की तरफ कटीलें तारों से घेरने (बाउण्ड्री) के सम्बन्ध में।

कार्यवाही– विद्यालय के बाहर इण्टरलॉक की तरफ कटीलें तारों से घेरने (बाउण्ड्री) के सम्बन्ध में शिक्षा समिति ने सर्वसम्मति से अपनी संस्तुति दी।

एजेंडा (2) विद्यालय के (अस्पताल प्रागंण) कमरों में बाहर की तरफ से रोशनदान पर जाली लगाने के सम्बन्ध में।

कार्यवाही– विद्यालय के (अस्पताल प्रागंण) कमरों में बाहर की तरफ से रोशनदान पर जाली लगाने के सम्बन्ध में शिक्षा समिति ने सर्वसम्मति से अपनी संस्तुति दी।

एजेंडा (3) विद्यालय ग्राउण्ड में मिट्टी डालकर ऊँचा करने एवं पानी निकासी के सम्बन्ध में।

कार्यवाही– विद्यालय ग्राउण्ड में मिट्टी डालकर ऊँचा करने एवं पानी निकासी के सम्बन्ध में शिक्षा समिति ने सर्वसम्मति से अपनी संस्तुति दी।

एजेंडा (4) विद्यालय में शिक्षकों एवं छात्र/छात्राओं हेतु टीनशेड युक्त साइकिल/वाहन स्टैण्ड बनवाने के सम्बन्ध में।

कार्यवाही– विद्यालय में शिक्षकों एवं छात्र/छात्राओं हेतु टीनशेड युक्त साइकिल/वाहन स्टैण्ड बनवाने के सम्बन्ध में शिक्षा समिति ने सर्वसम्मति से अपनी संस्तुति दी।

एजेंडा (5) विद्यालय में छात्र/छात्राओं के पानी पीने वाले स्थान को टीनशेड युक्त छाजन करने एवं 04 अतिरिक्त टोंटी लगवाने के सम्बन्ध में।

कार्यवाही– विद्यालय में छात्र/छात्राओं के पानी पीने वाले स्थान को टीनशेड युक्त छाजन करने एवं 04 अतिरिक्त टोंटी लगवाने के सम्बन्ध में शिक्षा समिति ने सर्वसम्मति से अपनी संस्तुति दी।

एजेंडा (6) विद्यालय में पुस्तकालय कक्ष, प्रायोगिक कक्ष एवं प्रधानाचार्य कक्ष निर्माण के सम्बन्ध में।

कार्यवाही– विद्यालय में पुस्तकालय कक्ष, प्रायोगिक कक्ष एवं प्रधानाचार्य कक्ष निर्माण के सम्बन्ध में शिक्षा समिति ने सर्वसम्मति से अपनी संस्तुति दी।

एजेंडा (7) विद्यालय में इण्टर लॉकिंग बनाने के सम्बन्ध में।

कार्यवाही– विद्यालय में इण्टर लॉकिंग बनाने के सम्बन्ध में शिक्षा समिति ने सर्वसम्मति से अपनी संस्तुति दी।

एजेंडा (8) इण्टर कॉलेज में छात्र/छात्राओं की संख्या को दृष्टिगत रखते हुए एक और दाई व सफाईकर्मी के सम्बन्ध में।

कार्यवाही– इण्टर कॉलेज में छात्र/छात्राओं की संख्या को दृष्टिगत रखते हुए एक दाई व सफाईकर्मी के सम्बन्ध में शिक्षा समिति ने सर्वसम्मति से अपनी संस्तुति दी।

**(ब)** दिनांक 11.05.2026 को सम्पन्न कैन्टोनमेन्ट गर्ल्स प्राइमरी प्रबन्धन समिति की बैठक की कार्यवाही पटल पर रखी गयी। समिति ने निम्नलिखित बिन्दुओं पर विचार तथा संस्तुति किया है –

एजेंडा (1) दो शिक्षकों की आवश्यकता के सम्बन्ध में।
कार्यवाही– वर्तमान में पाँच कक्षा के सापेक्ष पाँच शिक्षक है ***L.K.G.*** और ***U.K.G.*** कक्षा संचालित होने से दो शिक्षकों की आवश्यकता को पूरी करने के लिए समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया।

एजेंडा (2) प्री–प्राइमरी कक्षाओं में छोटे बच्चों के लिए टेबल , कुर्सी और टीचिंग एड उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।
कार्यवाही– प्री–प्राइमरी कक्षा के बच्चों के कद के अनुसार उनके लिए टेबल कुर्सी और टीचिंग एड उपलब्ध कराये जाने पर समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया।

एजेंडा (3) विद्यालय में बच्चों एवं कर्मचारी हेतु वाटर कूलर उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।
कार्यवाही– विद्यालय में पहले से लगा वाटर कूलर पूरी तरह खराब हो गया है जिसे ऑफिस के टेक्निशियन द्वारा चेक भी किया जा चुका है मौसम और पानी की शुद्धता को ध्यान में रखते हुए यथाशीघ्र उपलब्ध कराने हेतु समिति द्वारा निर्णय लिया गया।

एजेंडा (4) विद्यालय में बच्चों के खेल–कूद की सामग्री तथा झूला के सम्बन्ध में।
कार्यवाही– शारीरिक वृद्धि व मानसिक वृद्धि में खेल–कूद की महत्ता को रेखांकित करते हुए खेल–कूद सामग्री की उपलब्धता पर बल देते हुए समिति ने सर्वसम्मति प्रदान की।

पूरक एजेंडा (5) स्कूल गेट को ऊँचा कराकर विद्यालय का नाम लिखवाने के सम्बन्ध में।
कार्यवाही– विद्यालय गेट को ऊँचा कराकर उस पर विद्यालय का नाम लिखवाने पर समिति ने निर्णय लिया।

पूरक एजेंडा (6) विद्यालय परिसर से पास हो रही नाली को पक्की व ऊँची करवाने तथा बगीचे में मिट्टी डलवाने के सम्बन्ध में।

कार्यवाही– नाली की सतह से ऊचाई कम है और नाली पुरानी होने से क्षतिग्रस्त है जिसे पक्की और ऊँची कराने तथा ढकवाने पर समिति ने सर्वसम्मति दी जिससे मच्छरो को प्रकोप कम हो सके और बरसात के दिनो में बगीचे में पानी जमा रहता है। जिसमें मिट्टी डलवाने पर समिति ने एक मत से सहमति दी।

पूरक एजेंडा (7) छात्राओं हेतु नये शौचालय तथा टीचिंग स्टाफ हेतु अलग से शौचालय प्रबन्ध के सम्बन्ध में।

कार्यवाही– वर्तमान शौचालय की स्थिति देखकर छात्राओं और टीचिंग स्टाफ हेतु अलग–अलग शौचालय होने चाहिए पर अध्यक्ष और समिति के सदस्यों ने निर्णय लिया।

पूरक एजेंडा (8) विद्यालय की कक्षाओं की खिड़कियों के मरम्मत व जाली लगवाने के सम्बन्ध में।

कार्यवाही– विद्यालय की कक्षाओं की खिड़कियॉ और जाली टूटी है जिसकी मरम्मत व जाली लगाये जाने पर समिति ने अपना निर्णय लिया।

पूरक एजेंडा (9) विद्यालय में स्मार्ट क्लास बनवाने के सम्बन्ध में।

कार्यवाही– वर्तमान शैक्षिक परिवेश और संसाधन की शिक्षण में महत्ता को दृष्टिगत रखते हुए समिति ने कम से कम दो स्मार्ट क्लास हेतु अपनी सहमति दी।

पूरक एजेंडा (10) विद्यालय गेट पर गार्ड रुम बनवाने के सम्बन्ध में।

कार्यवाही– मेन रोड पर विद्यालय स्थित होने व विद्यालय कैम्पस की सुरक्षा को ध्यान में रखकर समिति ने विद्यालय गेट पर गार्ड रुम बनाये जाने पर अपनी सहमति प्रकट की।

पूरक एजेंडा (11)विद्यालय में स्टाफ रुम बनवाने के सम्बन्ध में।

कार्यवाही– शिक्षक के लिए न ही स्टाफ रुम है और न ही कोई ऐसा रुम जहॉ बच्चों की एक्स्ट्रा एक्टीविटी संचालित की जाएं। इस हेतु समिति ने स्टाफ रुम बनवाये जाने पर अपनी सहमति दी।

पूरक एजेंडा (12)बालिका प्राइमरी स्कूल को मॉडल स्कूल बनायें जाने के सम्बन्ध में।

कार्यवाही– इस विद्यालय को मॉडल स्कूल बनाया जाएं । जिसमें छात्र और छात्राएं एक साथ पढ़े और अंग्रेजी माध्यम से कक्षाएं संचालित की जाएं। अध्यक्ष महोदय के साथ सभी सदस्यों ने अपनी सहमति दी।

<u>**संकल्प संख्या 4**</u>

**(अ)** कैन्टोनमेन्ट बोर्ड इण्टर कालेज प्रबन्धन समिति द्वारा पारित प्रस्ताव पर विचार किया गया एवं स्वीकृत।

**(ब)** कैन्टोनमेन्ट गर्ल्स प्राइमरी प्रबन्धन समिति द्वारा पारित प्रस्ताव पर विचार किया गया एवं स्वीकृत।

हस्ताक्षर / सही
**सदस्य सचिव**
**छावनी परिषद, वाराणसी**
**दिनांक 27.05.2026**

हस्ताक्षर / सही
**अध्यक्ष, छावनी परिषद, वाराणसी**
**दिनांक 27.05.2026**